RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-12 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 16 अप्रैल से 22 अप्रैल 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2



## कन्हैया को प्रत्याशी बनाए जाने पर गिरिराज बोले- कांग्रेस रिजेक्ट लोगों को बना रही उम्मीदवार

भाजपा नेता गिरिराज ने तेजस्वी यादव के द्वारा एनडीए गठबंधन को 100 सीट लाने के बयान पर भी पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि देहात में कहावत है कि चलनी दुसलक सूप के। जिनमें अपने सहस्त्र छेद हैं, वह आज एनडीए को चुनौती देने चले हैं।

बिहार की बेगूसराय लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह इन दिनों लगातार विपक्ष पर हमलावर हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने दिल्ली से कन्हैया कुमार को कांग्रेस का उम्मीदवार बनाए जाने पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस निराशा से भरी हुई पार्टी है। उसको कोई उम्मीदवार नहीं मिल रहा है, तब वह रिजेक्ट लोगों को अपना उम्मीदवार बना रही है। दुनिया की कोई ताकत मनोज तिवारी को नहीं हरा सकती।

# 21 रिटायर्ड जजों ने CJI को लिखा पत्र, इन घटनाओं को लेकर जताई चिंता

**सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के 21 रिटायर्ड जजों के एक समूह ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। इसमें उन्?होंने कुछ गुटों द्वारा सोचे-समझे दबाव गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने की बढ़ती कोशि?शों का जिक्र किया है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं।**



नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के 21 रिटायर्ड जजों के एक समूह ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखा है। इसमें उन्?होंने कुछ गुटों द्वारा सोचे-समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक अपमान के माध्यम से न्यायपालिका को कमजोर करने की बढ़ती कोशि?शों का जिक्र किया है।

हालांकि, रिटायर्ड जजों ने उन घटनाओं के बारे में नहीं बताया, जिनके कारण उन्हें सीजेआई को पत्र लिखना पड़ा।

न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एम आर शाह सहित सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया।

इन समूहों द्वारा अपनाई गई रणनीति बेहद परेशान करने वाली है। उद्देश्यहीन सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार से लेकर प्रत्यक्ष और गुप्त कार्यों में संलिप्त होकर न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल करना, न्यायिक परिणामों को अपने पक्ष में प्रभावित करने का प्रयास इनमें शामिल है।

पत्र में रिटायर्ड जजों ने कहा कि वे विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ सार्वजनिक भावनाओं को भड़काने के बारे में चिंतित हैं।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के नेतृत्व वाली न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे।

# मायावती का मंच से बड़ा एलान, सरकार बनी तो पश्चिमी यूपी होगा अलग राज्य



**मुजफ्फरनगर में चुनावी सभा में बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी कहने में कम करने में ज्यादा विश्वास करती है, इसलिये घोषणा पत्र जारी नहीं करते हैं.**

मुजफ्फरनगर में चुनावी सभा में मायावती ने एलान किया कि हमारी सरकार बनने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य घोषित किया जाएगा. इसके साथ ही बसपा सुप्रीमो मायावती ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की घोषणा करने के साथ-साथ पश्चिम उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापित करने का भी एलान किया है. मायावती ने कहा कि हमारी पार्टी कहने में कम करने में ज्यादा विश्वास करती है, इसलिये घोषणा पत्र जारी नहीं करते हैं।

वहीं पूर्व सीएम मायावती ने कहा कि पिछले कुछ समय से केन्द्र और राज्यों में बीजेपी की सरकार है, बीजेपी की सरकार में जांच एजेंसी का राजनीतिकरण हो रहा है. इनकी सरकार मे जातिवाद और सांप्रादायवाद फैला है. इनकी सरकार मे नाटकबाजी जुमलेबाजी और गांरटी काम वाली नहीं है. बीजेपी सरकार की सोच जातिवादी है. पश्चिमी यूपी में जो विरोधी पार्टी के लोग हैं वह प्रचार करते थे ये पार्टी अपरकास्ट की विरोधी है।

## के. कविता को कोर्ट से बड़ा झटका, CBI की मांग मंजूर, 23 अप्रैल तक बढ़ाई गई न्यायिक हिरासत



दिल्ली के शराब नीति घोटाला मामले में के. कविता की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस केस से जुड़े सीबीआई के मामले में उन्हें कोर्ट से एक और बड़ा झटका लगा है। सीबीआई ने सोमवार को के. कविता को राउज एवेन्यु कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई ने कोर्ट में उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाए जाने की मांग की थी।

**के. कविता ने लगाया ये आरोप**

राउज एवेन्यु कोर्ट में के. कविता ने स्पेशल जज कावेरी बावेजा के सामने कहा कि सीबीआई बार-बार उनसे एक ही सवाल पूछ रही है। उन्होंने कहा कि ये सीबीआई नहीं बल्कि बीजेपी की कस्टडी है। सीबीआई ने शराब नीति घोटाला मामले में के. कविता से 6 अप्रैल को तिहाड़ जेल में पूछताछ की थी। इसके बाद 11 अप्रैल को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इसी के बाद से वह सीबीआई की हिरासत में हैं।

**सीबीआई ने लगाए ये आरोप**

सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि के. कविता जांच में सहयोग नहीं कर रही हैं। के. कविता ने शरथ रेड्डी को धमकाया कि दिल्ली में ठेके को हासिल करने के लिए आप को 25 करोड़ का भुगतान करें। अगर इस शर्त को पूरा नहीं किया गया तो तेलंगाना और दिल्ली में उनके कारोबार को नुकसान उठाना पड़ेगा।

# वो जो कहते हैं, वो करते हैं..., शिवसेना नेता ने की भाजपा के घोषणापत्र की तारीफ

**घोषणापत्र को लेकर कांग्रेस छोड़ शिवसेना में आए मिलिंद देवरा ने भाजपा की तारीफ की है। देवरा ने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है और मैं इस घोषणापत्र का स्वागत करता हूं। शिवसेना नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ और घर बनाने का वादा सबसे उत्तम है क्योंकि PMAY का लाभ मुंबई के लोगों को भी मिलना चाहिए।**



राज्यसभा सांसद और शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता मिलिंद देवरा ने भाजपा के चुनावी घोषणापत्र की सराहना की है। देवरा ने कहा कि विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत तीन करोड़ और घर बनाने का वादा सबसे उत्तम है, ऐसा इसलिए क्योंकि PMAY का लाभ मुंबई के लोगों को भी मिलना चाहिए।

वे जो कहते है, वो करते हैं

हाल ही में कांग्रेस छोड़कर शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हुए देवरा ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, बीजेपी का घोषणापत्र बहुत अच्छा है। वे जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। मैं इसका स्वागत करता हूं।

संपादकीय

**महाराष्ट्र के आगामी लोकसभा चुनाव जटिल हैं। संजय निरुपम, शिवसेना, ह्ष्टक्क और शरद पवार के परिवार के सदस्यों की भूमिका चुनावी परिणामों पर प्रभाव डाल सकती है। जिन कुछेक राज्यों में आगामी लोकसभा चुनाव के समीकरण सबसे ज्यादा जटिल माने जा रहे हैं, उनमें महाराष्ट्र प्रमुख है। इसी जटिलता का ताजा उदाहरण है पूर्व मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम का पार्टी से अलगाव सार्वजनिक होने के बाद पूर्वघोषणा के बावजूद यह न बता पाना कि वह किस पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं। गुरुवार को वह इसकी घोषणा करने वाले थे, लेकिन यह कहते हुए दो-तीन दिनों का और वक्त ले लिया कि अब उसकी कोई जल्दी नहीं है।**

# महाराष्ट्र के पेच



### अनिश्चितता की वजह

अनिश्चितता के पीछे सबसे बड़ी वजह यह मानी जा रही है कि अभी महायुति यानी क्ष्छ्क्कऔर उसके अन्य सहयोगी दलों में भी सीटों के बंटवारे पर पूरी सहमति नहीं बन पाई है। इससे कई सीटों पर यह निश्चित नहीं हो पा रहा कि वह आखिरकार किस दल के हिस्से में जाएगी और ह्ष्ठ प्रत्याशी को किस निशान पर चुनाव लड़ना होगा।

### बढ़ी हुई दावेदारी

इस बार का चुनाव इस मायने में खास है कि प्रदेश के दो प्रमुख दलङ्क शिवसेना और ह्ष्टक्क- दोफाड़ होकर आमने-सामने हैं। ऐसे में सीटों को लेकर पारंपरिक दावे पुराने रूप में नहीं रह गए हैं। दोनों खेमों में हर सीट पर न केवल दलों के बीच दावेदारी बढ़ी हुई है बल्कि संभावित प्रत्याशियों की संख्या भी ज्यादा है। नतीजतन, यह रस्साकशी नेताओं के पार्टी छोड़ने की वजह तो बन ही रही है, कई सीटों पर इसने विचित्र स्थिति पैदा कर दी है।

### एक नेता के दो पर्चे

उदाहरण के लिए, विदर्भ की बुलढाणा सीट को लिया जा सकता है, जो महायुति में शिंदे सेना को दी गई, लेकिन उस पर BJP की भी दावेदारी थी। पार्टी के झुकने के बावजूद स्थानीय BJP नेता ने वहां से पर्चा भर दिया। दिलचस्प है कि उस नेता ने दो पर्चे भरे हैं एक BJP नेता के रूप में और दूसरा निर्दलीय के तौर पर। यह स्थिति आगे चाहे जो भी रूप ले, इतना तो स्पष्ट है कि चुनावी समीकरणों के अंतर्विरोध को साधना विभिन्न पार्टियों के नेतृत्व के लिए आसान साबित नहीं हो रहा।



संपादक-
गोपाल गावंडे

### पवार के खिलाफ पवार


राजनीतिक अंतर्विरोध इस बार पार्टियों पर खास परिवारों के दबदबे की ही नहीं, एक परिवार के अंदर विरासत पर अलग-अलग दावेदारी की भी झलक दे रहा है। यह सबसे स्पष्ट रूप में बारामती सीट पर दिख रहा है, जो पिछले करीब छह दशकों से शरद पवार का गढ़ रही है। इस बार यहां इसी परिवार के दो अहम सदस्य ङ्क बेटी सुप्रिया सुले और बहू सुनेत्रा पवार- आमने सामने हैं। जहां सुप्रिया पिता शरद पवार की ओर से लड़ रही हैं, वहीं सुनेत्रा अपने पति अजित पवार के नाम पर वोट मांग रही हैं।

### राजनीतिक संस्कृति का सवाल

जाहिर है, कम से कम महाराष्ट्र में यह चुनाव केंद्र की अगली सरकार तय करने में भूमिका ही नहीं निभाएगा, प्रदेश राजनीति के स्वरूप और उसकी राजनीतिक संस्कृति को भी नए ढंग से परिभाषित कर सकता है।

राजनीति

# खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल इसलिए... केरल में पीएम मोदी का कांग्रेस के युवराज पर तंज



**पीएम मोदी ने केरल में सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी आड़े-हाथों लिया। पीएम मोदी ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए कहाकांग्रेस के एक बड़े नेता को उत्तर प्रदेश में अपनी खानदानी सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए उस संगठन से पॉलीटिकल बैकडोर से समझौता किया है।**

पीएम मोदी ने आज केरल के पलक्कड़ में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने सीपीआई (एम) और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को भी आड़े-हाथों लिया।

पीएम मोदी ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए कहा,कांग्रेस के एक बड़े नेता को उत्तर प्रदेश में अपनी खानदानी (पारिवारिक) सीट पर इज्जत बचाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने केरल में इपना नया ठिकाना बना लिया है।

कांग्रेस ने देश विरोधी गतिविधि को अंजाम देने वालों के साथ मिलाया हाथ%

पीएम मोदी ने आगे कहा, कांग्रेस ने चुनाव जीतने के लिए उस संगठन से पॉलीटिकल बैकडोर से समझौता किया है, जिसे देश विरोधी गतिविधि के लिए बैन किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने कॉर्पोरिटव बैंक के पैसे लूटे हैं। उन लोगों ने इस बार में एक शब्द कहा है क्या।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कांग्रेस के युवराज केरल के लोगों से वोट तो मांगेगे लेकिन आपके हक में आपके मुद्दों पर एक शब्द भी नहीं बोलेंगे।

## वामपंथी सरकारों पर पीएम मोदी ने साधा निशाना

पीएम मोदी ने कहा कि लडीएफ-यूडीएफ केरल की हालत खराब कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल से लेकर केरल तक, सभी वामपंथी सरकारों का एक समान चरित्र है, नथिंग लेफ्ट एंड नथिंग राइट यानी कुछ भी नहीं बचा और कुछ भी सही नहीं।

## पांच सालों में केरल को वैश्विक विरासत बनाया जाएगा- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने आगे कहा, यहां की (केरल) प्राकृतिक सुंदरता हर किसी का मन मोह लेती है। यहां केरल में कई मंदिर, चर्च और आस्था के स्थान हैं। अगले 5 वर्षों में हम केरल को एक वैश्विक विरासत बनाने के लिए काम करेंगे। हम केरल को राजमार्गों, एक्सप्रेसवे और हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनों के नेटवर्क से जोड़ेंगे।केरल में 20 सीटों के लिए एक ही चरण में वोटिंग होनी है। यहां दूसरे चरण (26 अप्रैल) को चुनाव होना है। केरल के कासरगोड, कन्नूर, वडकरा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोनान्नी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चालक्कुडी, एर्नाकुलम, इदुक्की, कोट्टायम, आलप्पुझा, मावेलिक्करा, पतनमटिट्टा, कोल्लम, अट्टिंगल और तिरुवनंतपुरम की सीटें पर चुनाव होंगे।

# इंदौर में मंदिर कलश की बोली को लेकर चाकूबाजी

## 11 लाख रूपये की बोली क्यों लगाई, इस पर भड़क गया दूसरा पक्ष

**इंदौर के चंदन नगर में मंदिर पर कलश स्थापना को लेकर विवाद हो गया। पुलिस ने चार लोगों पर चाकूबाजी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। एक परिवार ने 11 लाख की बोली लगाकर प्राण प्रतिष्ठा में कलश स्थापना अपने नाम करवा ली थी।**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक किसान सोहन पुत्र दुलेसिंह की शिकायत पर पुलिस ने अनिल पाटीदार ग्राम सिंदोड़ा, केशव, सुनील और विमल के खिलाफ 324, 323, 294, 506, 34 की धाराओं में केस दर्ज किया है। उनके गांव में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का यज्ञ चल रहा था।

इसके बाद श्रीराम मंदिर मे ध्वजा एवं कलश चढ़ाने के लिये मंदिर मे बोली लगी। जिसमें गांव के सभी लोगों ने अपनी अपनी तरफ से बोली लगाई। अंतिम बोली 11 लाख रुपए की मेरे चचेरे भाई लाखन सिंह पुत्र बने सिंह ने लगाई। तब मंदिर समिति के अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार व अन्य ने अंतिम बोली मानकर उसे स्वीकार कर लिया।

इसके बाद रात 11:30 बजे सोहन अपने घर जाने लगा। तभी मंदिर के बाहर मारपीट करने वाले चारों लोग मिले और गालियां देने लगे। कहने लगे कि बोली हमें लगाना थी तुम लोगों ने कैसे लगा दी। सोहन ने कहा कि मंदिर समिति ने सभी को छूट दी थी। इसके बोली उसी समय लगाना चाहिए थी। इसके बाद अनिल पाटीदार ने चाकू निकाला और सिर पर वार कर दिया। वहीं केशव ने रॉड निकालकर पैर पर मार दी। जिसके बाद सड़क पर गिर गया। आरोपियों ने इसके बाद लात घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। इस बीच और गांव के लोग वहां आ गए और बचाव किया। बड़ी मुश्किल से मामले में जान बचा पाए।




### इंदौर में 16वीं मंजिल से कूदी छात्रा की कहानी उलझी

## परिवार बोला- होनहार थी, सहेली ने कहा- तनाव की दवा लेती थी; पुलिस की थ्योरी अलग


मुस्कान, मृतक

इंदौर में मुस्कान अग्रवाल की मौत की गुत्थी उलझती जा रही है। पुलिस जिस बीमारी का जिक्र कर रही है। उसे परिवार के लोग नॉर्मल बता रहे हैं। रूम मैट ने पुलिस को जो बयान दिए हैं, उसमें बताया है कि मुस्कान को काफी असहनीय दर्द रहता था।

यह भी बताया है कि मुस्कान इसके कारण कई बार पढ़ाई नहीं कर पाती थी। क्लास छोड़ना पड़ती थी। लेकिन पुलिस को शंका है कि उसकी दोस्त कुछ छिपा रही है। इधर, परिवार ने कहा है कि बेटी पढ़ने में होशियार थी। परिवार की तरफ से उसे किसी बात का तनाव नहीं था। अब पुलिस ही इस मिस्ट्री को सुलझाए।

हालांकि पुलिस की टीम मुस्कान के मोबाइल का लॉक अभी भी नहीं खोल पाई है। वहीं लैपटॉप से भी कुछ खास हाथ नहीं लगा है। लसूड़िया पुलिस की टीम शनिवार को बरूआ फाटा स्थित मुस्कान अग्रवाल के घर पहुंची। यहां परिवार के में पिता, मां और भाई के बयान हुए।

दूसरी ओर, रविवार को मुस्कान के परिवार ने उज्जैन में उसकी अंतिम क्रिया पूरी की। पिता ने अपने और बेटी के बारे में कुछ भी जानकारी देने से मना कर दिया। कहा अभी हम सदमे में हैं। इस मामले में हम पुलिस से सही जांच की मांग कर रहे हैं।

हालांकि बीते तीन दिनों में पुलिस ने मां, पिता और भाई से बात कर चुकी है। तीनों से मुस्कान की बीमारी, पढ़ाई, तनाव और अन्य पहलुओं पर बात की। उन्होंने कहा कि बेटी ने कभी किसी परेशानी की बात नहीं कही। उसकी मौत के पीछे और कोई कारण जिसे बस पुलिस ही पता लगा सकती है।

## पेंटर ने किया सुसाइड

इंदौर के लसूड़िया इलाके में रहने वाले एक पेंटर ने फांसी लगाकर रविवार को जान दे दी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस के मुताबिक आकाश(23)पुत्र दयाराम मानिक निवासी सिंगापुर टाउनशिप ने अपने घर पर दोपहर में फांसी लगा ली। उसकी बहन जब सीढियों पर पोछा लगा रही थी तो उसने टॉवर के यहां भाई आकाश को फंदे पर लटके देखा। आकाश के भाई ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से नशे का आदि हो गया था। कुछ दिनों से वह घर पर ही था ओर काम करने नही जा रहा था। घटना के समय पिता ओर बड़े भाई बाहर गए थे। जबकि मां नीचे खाना बना रही थी।

## आईडीए के प्यून की संदिग्ध मौत

इंदौर के तुकोगंज में रहने वाले आईडीए के प्यून मांगीलाल पुत्र प्यारेलाल बोरासी निवासी पंचम की फेल की संदिग्ध परिस्थिति में रविवार को मौत हो गई। परिवार के लोगों ने बताया कि वह रविवार चक्कर खाकर गिर गए थे। उन्हें उपचार के लिये एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वह गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनका उपचार भी चल रहा था। मांगीलाल के परिवार में उनके दो बेटे और एक बेटी है।

## दूसरी मंजिल से गिरा बेलदार, 12 दिन बाद मौत



इंदौर के आजाद नगर इलाके में रहने वाले एक बेलदार की दूसरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। वह काम करने के 12 दिन पहले गिर गए थे। इसके बाद उसे उनका एमवाय में उपचार चल रहा था। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

आजाद नगर पुलिस के मुताबिक गजराज (55) पुत्र कोमलसिंह निवासी रामनगर की मकान निर्माण के दौरान उंचाई से गिरने से मौत हो गई। बेटे रोशन ने बताया कि गजराज 2 अप्रैल के दिन दूसरी मंजिल से नीचे आ गिरे थे। वह एक निर्माणाधीन घर में बेलदारी का काम करने पहुंचे थे। उन्हें ठेकेदार राजकुमार अपने साथ विकास मीणा के मकान पर काम करने लेकर गया था। बताया जाता है कि वह सामान लेने नीचे की तरफ आ रहे थे। इस दौरान हादसे का शिकार हो गए।

### भंवरकुआ में स्टूडेंट को सट्टे की लत डालने वाले पकड़ाए मोबाइल पर आईडी देते थे, क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई




इंदौर क्राइम ब्रांच ने मोबाइल पर आईडी देकर सट्टे का काम करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों पर गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

क्राइम ब्रांच ने भोलाराम उस्ताद मार्ग से राहुल पुत्र रामवीर रावत निवासी अनंतपुरी सतीश हार्डिया का मकान और विपिन पुत्र लक्ष्मन वर्मा निवासी इंद्रपुरी को पकड़ा है। आरोपी एक एप सुपर वन टेक के माध्यम से स्टूडेंट को सट्?टा खिला रहे थे। पूछताछ करने पर उन्होंने एप बुकी से लेने की बात कबूली। बाद में दोनों को स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। आरोपियों से मोबाइल ओर आईडी जब्त की गई है।

**शिवपुरी के रहने वाले है दोनो युवक,वॉट्सएप पर भेजते थे लिंक**

क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक राहुल मनिहार जिला शिवपुरी का रहने वाला है। वही विपीन फिजिकल रोड़ शिवपुरी में रहता है। दोनो यहां स्टूडेंट बताकर रूके हुए थे। आरोपी वाट्सएप पर इसकी लिंक शेयर कर क्रिकेट के खिलाड़ियो पर हार जीत का दांव लगवाते है। क्राइम ब्रांच ने जब उनहें पकड़ा तो आरोपियों के मोबाइल में गजेन्द्र कुशवाह के वॉट्सएप नंबर पर लिंक डली हुई मिली। इसके साथ ही उन्होंने अन्य लोगो को भी इसकी लिंक शेयर की थी। जिसकी जांच की जा रही है।

### इंदौर के सुपरवाइजर नेपानगर में ट्रेन से फिसले ट्रेन-पटरी के बीच पैर फंसने से गंभीर घायल हुए, एमवाय अस्पताल में दम तोड़ा



इंदौर के बिल्डिंग सुपरवाइज़र की नेपानगर (बुराहनपुर) के स्टेशन पर पटरी और ट्रेन के बीच आने से घायल हो गए। उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रवि (46) पुत्र बाबूलाल यादव निवासी आजाद नगर को रविवार को परिजन इंदौर के एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

यहां उपचार के बाद रवि ने दम तोड़ दिया। भाई ने बताया कि उनकी बहन भारती का अकोला में 12 अप्रैल को निधन हो गया था। परिवार के लोग अलग-अलग वाहनों से वहां पहुंचे। लौटते समय परिवार ने रवि को निजी वाहन से साथ चलने के लिए कहा लेकिन वे नहीं माने और ट्रेन से आने का कह दिया।

नेपानगर में ट्रेन में चढ़ते समय रवि का पैर फिसल गया और वे ट्रेन व पटरी के बीच आ गए। इस हादसे में रवि गंभीर घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग तत्काल नेपानगर पहुंचे और उन्हें उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल ले आए। यहां उपचार के दौरान रवि की मौत हो गई।

## पार्किंग कर्मचारी की संदिग्ध मौत

इंदौर के रावजी बाजार इलाके में प्रेमसुख पार्किंग के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस के मुताबिक पिंटू (32) निवासी खरगोन को उसके साथी रविवार को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। दोस्त राकेश ने बताया कि कुछ दिन पहले वह ऊपरी हवाओं के चक्कर में आ गया। तब से बीमार रहता था।रविवार को पार्किंग में उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बिना आत्मसाक्षात्कार विश्व परिवर्तन संभव नहीं



आपका परिवार राजवंश शालीवाहन होने के साथ-साथ अत्यंत पावन धर्मपरायण ईमानदार सत्यनिष्ठा था तथा अत्यंत उदार व अन्य धर्मों का सम्मान करने वाला भी आपके माता-पिता प्रथम श्रेणी के स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं। जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्य दांव पर लगा दिया था ।

शैशव काल से ही श्री माताजी अत्यंत जिंदादिल थी जो भी उन्हें बुलाता उसके पास चली जाती, सभी पशु पक्षीयों से उनकी मित्रता थीद्ध। बचपन में खाली वक्त में वे अकेली ध्यानस्थ बैठकर यहाँ चिंतन किया करती थी कि सामूहिक कुंडलिनी जागृत द्वारा किस प्रकार से वह संसार के लोगों को अपनी समस्याओं से मुक्ति दिलवा सकती हैं, बचपन से ही गरीबों व असहायों के प्रति वे अत्यंत सुह्रद एवं करूणामय थी ।

भूमि का स्पर्श हो इसीलिए वे पाठशाला जाते समय चप्पल नहीं पहनती थी। छुट्टी के समय भी श्री निर्मला देवी महात्मा गांधी के आश्रम में जाती थी। महात्मा जी उन्हें नेपाली संबोधित करते थे। आश्रम के सभी कार्यों में उनका सहभाग था और उनकी भावपूर्ण उपस्थिति महात्मा जी को भी अनजाने में प्रेरणा देती थी। निर्मला देवी जी ने महात्मा गांधी जी के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी होकर कार्य किया ।

सन् 1942 के स्वतंत्रता लड़ाई में विद्यार्थियों की क्रांति में अग्रणी होने के कारण अनेक बार उन्हें कारावास में जाना पड़ा। 5 मई 1970 में उन्होंने समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए सहस्त्रार खोला व उस विधि को खोजा जिसके द्वारा हजारों में एक साथ कुंडलिनी ,, हमारे अंदर स्थित परमात्मा की सूक्त शक्ति का ,,जागरण संभव हुआ यह कार्य सृष्टि में प्रथम बार हो रहा है । अपने अथक प्रयासों से श्री माताजी विश्व के अनेक देशों में हजारों की कुंडलिनी जागृत कर आत्मसाक्षात्कार प्रदान कर रही हैं। वे कहती हैं,, बिना आत्मसाक्षात्कार दिए विश्व परिवर्तन संभव नहीं है । यह कार्य में अपने स्वभाव से प्रेमवस कर रही हूं अतः आपको इसके लिए कुछ देना नहीं है । आप अपने अंदर स्थित परमात्मा की शक्ति को जागृत कर शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त करें। आत्मसाक्षात्कार पाना मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है ,जिसे देने के लिए मैं आई हूं ।,,

# इस बार दुर्लभ संयोग में राम नवमी का पर्व

**इस बार राम नवमी पर चंद्रमा कर्क राशि में मौजूद रहेगा। आपको बता दें कि भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु राम का जन्म कर्क लग्न में ही हुआ था। 17 अप्रैल को देशभर में राम नवमी का पर्व मनाया जाएगा। वाल्मीकि रामायण के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि, अभिजीत मुहूर्त और कर्क लग्न में भगवान राम का जन्म हुआ था। राम नवमी का त्योहार चैत्र नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इस दिन देशभर में बड़े ही धूमधाम के साथ राम नवमी का त्योहार मनाया जाता है। राम नवमी पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जाता है। 17 अप्रैल को अयोध्या में बने राम मंदिर में राम नवमी के त्योहार को भव्य तरीके से मनाने की तैयारियां हैं। इस बार राम नवमी का त्योहार बहुत ही शुभ योग में मनाया जाएगा। आइए जानते हैं इस साल राम नवमी पर कौन-कौन से शुभ योग बन रहे हैं।**

## राम नवमी 2024 शुभ योग

चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन यानी चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर बहुत ही शुभ योग का निर्माण हुआ है। हिंदू पंचांग के अनुसार इस बार राम नवमी के दिन आश्लेषा नक्षत्र, रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। राम नवमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 05 बजकर 16 मिनट से लेकर 06 बजकर 08 मिनट तक रहेगा। वहीं पूरे दिन रवि योग का संयोग बनेगा। वैदिक ज्योतिष शास्त्र में रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग को बहुत ही शुभ योग माना गया है। इन योगों में पूजा और शुभ कार्य करने पर सभी तरह के फलों की प्राप्ति होती है। रवि योग में सूर्य का प्रभाव रहने के कारण व्यक्ति को कई तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती है।

## कर्क लग्न

इस बार राम नवमी पर चंद्रमा कर्क राशि में मौजूद रहेगा। आपको बता दें कि भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु राम का जन्म कर्क लग्न में ही हुआ था।

## गजकेसरी योग

17 अप्रैल को गजकेसरी योग का भी प्रभाव रहेगा। भगवान राम के जन्म के समय भी उनकी कुंडली में गजकेसरी योग का शुभ संयोग था। ज्योतिष शास्त्र में गजकेसरी योग को बहुत ही शुभ माना जाता है। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में मान-सम्मान और यश की प्राप्ति होती है।

राम नवमी पर सूर्य की स्थिति- शास्त्रों के अनुसार भगवान राम के जन्म के समय सूर्य दशम भाव में मौजूद होकर अपनी उच्च राशि में स्थिति थे। इस वर्ष 17 अप्रैल को राम नवमी पर सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में विराजमान होकर दशम भाव में होंगे।


## शुभ मुहूर्त में करें भगवान राम की पूजा

नवमी तिथि प्रारम्भ- 16 अप्रैल 2024 को दोपहर 01 बजकर 23 मिनट तक।
नवमी तिथि समाप्त- 17 अप्रैल 2024 को दोपहर 03 बजकर 14 मिनट तक।
अभिजीत मुहूर्त - इस दिन अभिजीत मुहूर्त नहीं रहेगा।
विजय मुहूर्त- दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से 03 बजकर 24 मिनट तक।
गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक।

## राम नवमी 2024 पूजा विधि

- राम नवमी पर सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और साफ-सुथरे कपड़े पहनकर पूजा का संकल्प लें।
- पूजा स्थल पर सीता-राम का नाम जपते हुए सभी तरह के पूजा सामग्रियों को एकत्रित करें।
- फिर इसके बाद शुभ मुहूर्त में भगवान राम की प्रतिमा को स्थापित करते हुए दूध में केसर मिलाकर अभिषेक करें।
- इसके बाद भगवान राम और माता सीता को फूल, माला, चंदन और अक्षत आदि को चढ़ाएं।
- फिर भगवान राम की प्रतिमा के सामने घी का दीपक और धूप जलाकर रामचरितमानस का पाठ करें।
- अंत में विधि-विधान के साथ आरती करके प्रसाद का वितरण करें।

# अयोध्या राम मंदिर में 500 साल बाद मनाई जाएगी रामनवमी, सूर्य की किरणों से होगा तिलक



हिंदू धर्म में नवरात्रि का पर्व बहुत ही खास होता है और इसे बहुत धूमधाम के साथ मनाया जाता है. चैत्र माह के नवरात्रि की शुरुआत 9 अप्रैल 2024, मंगलवार से हो रही है और इसका समापन 17 अप्रैल 2024, बुधवार को रामनवमी के दिन होगा. इस साल की रामनवमी बहुत ही खास होगी क्योंकि 500 साल बाद अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के बाद धूमधाम से रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा. इसकी जोर0शोर से तैयारियां शुरू हो गई हैं.

## सूर्य की किरणों से होगा भगवान राम का तिलक

इस साल रामनवमी का पर्व 17 अप्रैल 2024 को मनाया जाएगा. इस दिन राम मंदिर में खास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. जिसमें कई शास्त्रीय गायक शामिल होंगे और बधाई व भक्ति गीत गाए जाएंगे. रामनवमी के दिन राम मंदिर को 50 कुंटल देशी व विदेशी फूलों से सजाया जाएगा. सबसे खास बात है कि रामनवमी के दिन भगवान राम का तिलक साधारण नहीं होगा बल्कि रामलाल का तिलक सूर्य की किरणों से किया जाएगा. इस दिन भगवान राम के मुख पर ?सूर्य की किरणें प्रकाशित होंगी. इसके लिए कई वैज्ञानिक तैयारियों में जुटे हुए हैं और बता दें कि सूर्य की किरणों का यह तिलक 74 मिमी का होगा.

रामनवमी के दिन केवल राम मंदिर ही नहीं, बल्कि कनकभवन और हनुमानगढ़ी को भी सजाया जाएगा. उम्मीद है कि रामनवमी के दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु आयोध्या पहुंचेंगे और जो लोग राम मंदिर नहीं जा पाएंगे वह घर बैठकर इस कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देख सकेंगे. साथ ही राम लला के दर्शन कर पाएंगे. रामनवमी के दिन भगवान राम का विधि—विधान से पूजन किया जाता है और इस दिन पूजा करते समय रामायण का पाठ करना शुभ माना जाता है. इसके अलावा रामनवमी के दिन राम स्तोत्र का पाठ करने भी फलदायी माना गया है.

# साइलेंस 2 द नाइट आउल बार शूटआउट

## का इंदौर में प्रमोशन करती नजर आई प्राची देसाई

**इंदौर(अनिल चौधरी) । इंदौर में उत्साह बढ़ गया जब प्राची देसाई बहुप्रतीक्षित ZEE5 ओरिजिनल फिल्म, साइलेंस 2 द नाइट आउल बार शूटआउट को प्रमोट करने के लिए फीनिक्स सिटाडेल मॉल में पहुंचीं। प्रशंसकों की उत्सुकता के कारण शहर में उत्साह का माहौल था प्रिय अभिनेत्री के साथ बातचीत करने और उनकी फिल्म की रोमांचक दूसरी किस्त की एक झलक देखने के मौके का इंतजार कर रहा हूं।**




अपने ऑन-स्क्रीन करिश्मा की याद दिलाते हुए, प्राची देसाई ने प्रशंसकों के साथ इंस्पेक्टर संजना की अपनी भूमिका और साइलेंस 2 द नाइट आउल बार शूटआउट की मनोरंजक कहानी के बारे में जानकारी साझा की। फिल्म में एक महत्वपूर्ण किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ने अपने आकर्षण और उत्साह से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अबान भरूचा देवहंस द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, साहिल वैद, वकार शेख, दिनकर शर्मा और पारुल गुलाटी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 16 अप्रैल को ZEE5 पर प्रीमियर होने वाला साइलेंस 2 द नाइट आउल बार शूटआउट दर्शकों को एक बेहतरीन अनुभव देने का वादा करता है।

इस रोमांचक दूसरी किस्त में, एसीपी अविनाश वर्मा, इंस्पेक्टर संजना और टीम के अन्य सदस्यों के साथ एक और जटिल हत्या के रहस्य को सुलझाने के लिए एक दिलचस्प खोज पर निकलते हैं। मुंबई के एक बार में अराजक गोलीबारी से पूरे शहर में दहशत फैल गई। जैसे ही एसीपी अविनाश अपनी टीम के साथ मामले की कमान संभालते हैं और अपराध स्थल का दौरा करते हैं, उन्हें कई हैरान करने वाले सुराग मिलते हैं। हालाँकि, जब अधिक लोग मृत पाए जाते हैं, तो जांच में भयावह मोड़ आ जाता है, जिससे भयावह रहस्यों का जाल खुल जाता है।

उत्साह बढ़ाते हुए, प्राची देसाई ने अपनी प्रत्याशा व्यक्त करते हुए कहा, साइलेंस 2 द नाइट आउल बार शूटआउट का हिस्सा बनना एक उत्साहजनक यात्रा रही है, और मैं इस मनोरंजक कहानी को दर्शकों के सामने लाने के लिए उत्साहित हूं। यह अवसर है। इंदौर के लोगों के साथ बातचीत वास्तव में दिल को छू लेने वाली रही है। उनका समर्थन और उत्साह हर पल को यादगार बना देता है। मैं दर्शकों को फिल्म की दिलचस्प कहानी के बारे में जानने और प्रत्यक्ष रूप से रोमांच का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।



## परिणीति चोपड़ा की फिल्म पर श्रीकांत अभिनेता ने लुटाया प्यार, बोले- रूह में उतर गए आप

अमर सिंह चमकीला पर बनी बायोपिक फिल्म चमकीला रिलीज होने के बाद लगातार लोगों को पसंद आ रही है। फिल्म को लेकर लगातार लोगों के रिव्यूज आ रहे हैं, जिनमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियां भी शामिल हैं। दिवंगत पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला की बायोपिक में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम किरदार में नजर आए। फिल्म में दिलजीत दोसांझ ने अमर सिंह चमकीला का किरदार निभाया है, जबकि परिणीति चोपड़ा उनकी पत्नी अमरजोत कौर के किरदार में नजर आईं। दोनों ने फिल्म में अभिनय के साथ गाने भी गाए हैं। प्रियंका चोपड़ा के बाद अब राजकुमार राव ने फिल्म चमकीला की तारीफ करते हुए एक लंबा पोस्ट लिखा है।

फिल्म चमकीला-निर्देशक इम्तियाज अली की फिल्म पंजाब के कंट्रोवर्शियल सिंगर अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में लोगों को दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा का अभिनय काफी पसंद आ रहा है। फिल्म में परिणीति चोपड़ा ने अपनी दमदार एक्टिंग से लोगों का दिल जीत लिया। परिणीति ने अमरजोत कौर के किरदार को बहुत ही अच्छे से निभाया है। उनके इस अभिनय की तारीफ हर जगह हो रही है। श्रीकांत अभिनेता राजकुमार राव ने फिल्म चमकीला की जमकर तारीफ की है।

राजकुमार राव ने की फिल्म की तारीफ-इन दिनों राजकुमार राव अपनी फिल्म श्रीकांत को लेकर जमकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। श्रीकांत अभिनेता राजकुमार राव ने फिल्म चमकीला की तारीफ करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक स्टोरी साझा की है। राजकुमार ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया और लिखा, चमकीला सच में एक बेहतरीन फिल्म है। जरूर देखिए। इसके बाद राजकुमार ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ में लिखा, दिलजीत पाजी सिर्फ चमकीला दिखा, दिलजीत कहीं नहीं था आपकी परफॉर्मेंस में। रूह में उतर गए आप। बहुत प्रेरणादायक। इसके बाद श्रीकांत अभिनेता ने फिल्म में परिणीति चोपड़ा की तारीफ में भी दो शब्द लिखे, परिणीति चोपड़ा आपने बहुत ही ऊंचे दर्जे का अभिनय किया है। इसके बाद राजकुमार ने फिल्म के निर्देशक इम्तियाज अली की तारीफों के पुल बांध दिए। अभिनेता ने लिखा, सर आप जैसा कोई और नहीं है। आपका बहुत धन्यवाद चमकीला बनाने के लिए। इसके आगे अभिनेता ने ए आर रहमान की तारीफ करते हुए लिखा, ए आर रहमान आप तो लीजेंड हो।



# युवा विकेटकीपर के तीन छक्कों..., धोनी के मुरीद हुए कप्तान ऋतुराज

# मलिंगा 2.0 के लिए कही यह बात

**सीएसके के नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने धोनी की तारीफ में पुल बांध दिए। उन्होंने जूनियर मलिंगा और मलिंगा 2.0 के नाम से मशहूर मथीशा पथिराना की भी जमकर तारीफ की।**

आईपीएल 2024 के 29वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 20 रन से हरा दिया। सीएसके की जीत का अंतर बस उतना ही रहा जितना महेंद्र सिंह धोनी ने इस मुकाबले में स्कोर किया था। उन्होंने चार गेंद में 20 रन की नाबाद पारी खेली थी और बस इतने ही रन से चेन्नई की टीम ने जीत हासिल की। मैच जीतने के बाद सीएसके के नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने धोनी की तारीफ में पुल बांध दिए। उन्होंने जूनियर मलिंगा और मलिंगा 2.0 के नाम से मशहूर मथीशा पथिराना की भी जमकर तारीफ की।

## धोनी ने लगातार तीन छक्के जड़े

दरअसल, धोनी चेन्नई की पारी के 20वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए आए थे। उन्हें महज आखिरी चार गेंदें खेलनी थीं और हार्दिक पांड्या गेंदबाजी कर रहे थे। हालांकि, धोनी ने बिना कोई गेंद छोड़े अपनी पहली तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के जड़े। इसके बाद चौथी गेंद पर दो रन लिए। इससे चेन्नई का स्कोर 206 रन तक पहुंच सका। ऋतुराज ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा- उस युवा विकेटकीपर के तीन छक्कों ने हमारी काफी मदद की। वही तीन छक्के अंत में जीत-हार का अंतर बने। इस तरह की पिच के लिए हमें उन अतिरिक्त 10-15 रन की आवश्यकता थी। बुमराह ने वाकई अच्छी गेंदबाजी की।

## ऋतुराज ने गेंदबाजों की तारीफ की

ऋतुराज ने कहा- मुझे लगता है कि हमने गेंद के साथ अच्छे प्रयोग किए, भले ही मुंबई के बल्लेबाजों ने कुछ शानदार शॉट्स खेले। इस तरह कि पिच के लिए गेंदबाजी और बैटिंग में एकदम परफेक्ट होने की जरूरत होती है। हमारे मालिंगा ने वाकई अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने यॉर्कर का शानदार इस्तेमाल किया। तुषार देशपांडे और शार्दुल ठाकुर ने भी अच्छी गेंदबाजी की। आगे भी चीजों को हम आसान बनाए रखने की कोशिश करेंगे। मुझे सभी को अच्छी मानसिक स्थिति में रखने के लिए प्रोत्साहित करना होगा और जीत के लय को बरकरार रखना होगा। रहाणे थोड़े अनफिट थे, इसलिए मुझे लगा कि उन्हें ओपनिंग देना बेहतर है। मैं कहीं भी बल्लेबाज़ी करने के लिए तैयार हूं और टीम के कप्तान के रूप में जिम्मेदारी भी है।



## मैच में क्या हुआ?

मैच की बात करें तो चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 40 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के की मदद से 69 रन की पारी खेली। वहीं, शिवम दुबे ने 38 गेंद में 10 चौके और दो छक्के की मदद से 66 रन की नाबाद पारी खेली। धोनी ने चार गेंद पर नाबाद 20 रन की पारी में तीन छक्के लगाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 186 रन बना सकी। रोहित शर्मा 63 गेंद में 11 चौके और पांच छक्के की मदद से 105 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, ईशान किशन ने 23 रन और तिलक वर्मा ने 31 रन की पारी खेली। मथीशा पथिराना ने चार विकेट लिए।


RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE

SATGURU NAGAR
INDORE - KHANDWA ROAD



तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT
Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

# सीएम मोहन यादव ने बताई संकल्प पत्र की खूबियां

## कहा मोदी की गारंटी की भी गारंटी जैसा शब्द किसी डिक्शनरी में भी नहीं मिलेगा

**लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने रविवार को दिल्ली में संकल्प पत्र जारी किया। मेनिफेस्टो के जरिए 2047 तक के विकसित भारत के विजन को बताने के लिए भोपाल में स्टेट मीडिया सेंटर में सीएम डॉ. मोहन यादव, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।**

सीएम मोहन यादव ने इस संकल्प पत्र(मेनिफेस्टो) से मध्य प्रदेश को क्या मिलेगा, इसका पूरा रोड मैप बताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश में चार जातियां हैं। ये संकल्प पत्र उनके विकास के लिए संकल्पित है। संकल्प पत्र आगामी 5 वर्ष के लिए सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के आधार पर ही केंद्रित है। संकल्प पत्र 2047 के विकसित भारत का संकल्प पत्र है। इसमें ये भी बताया गया है कि पिछले 10 साल में मोदी सरकार ने क्या-क्या काम किए।

### घोषणा पत्र को इसलिए दिया संकल्प पत्र नाम

सीएम मोहन यादव ने कहा, आमतौर पर चुनाव से पहले घोषणा पत्र जारी किए जाते हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में की गई घोषणाओं को संकल्प में बदला है। इन्हें पूरा किया है। इसलिए उन्होंने इसका नाम संकल्प पत्र रखा है। संकल्प वह होता है जिसे पूरा किया जाए। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 साल में प्रदेश को जिन-जिन सेक्टर में काम दिए थे वे पूरे किए गए हैं। जो समय मुझे मिला है उसमें हमने भी आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इसी आधार पर हमने राज्य के भी संकल्प पत्र पर बात की थी।

कल दिल्ली में जारी संकल्प पत्र को देखें तो इसमें मध्य प्रदेश के लोगों के लिए कहा गया है कि हर गरीब को मकान मिलेगा। वो चाहे शहरी हो या ग्रामीण। मैं कुछ जिलों के उदाहरण दे सकता हूं। यहां प्रधानमंत्री आवास के नाम से सबसे ज्यादा मकान शहरी क्षेत्र में दिए गए हैं। उसमें एक जिला मेरा (उज्जैन) भी आता है। उज्जैन में 7000 से ज्यादा शहरी आवास दिए गए है।

### प्रदेश में पर्यटन की संभावनाएं ज्यादा

सीएम ने कहा, बाबा महाकाल का महालोक बनने के बाद धार्मिक लोक में मध्य प्रदेश ने बड़ी छलांग लगाई है। दुनिया के 200 देश में से 60 देश ऐसे हैं जिनकी पूरी वार्षिक अर्थव्यवस्था केवल टूरिज्म के माध्यम से चलती है। हमारे प्रदेश में पर्यटन की संभावना हैं। संकल्प पत्र में मोदी जी ने टूरिज्म पर ज्यादा जोर दिया है। इससे प्रदेश में संभावनाएं बढ़ गई हैं।

प्रदेश के लिए मेडिकल टूरिज्म एक नया रास्ता खुला है। बड़े पैमाने पर मेडिकल कॉलेज बनाने के हम कोशिश कर रहे हैं। आने वाले 2 साल में हर लोकसभा क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज देंगे। इससे प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म विकसित होगा और लोगों को रोजगार मिलेगा। हमारे यहां एयर एंबुलेंस सेवा शुरू हो गई है।

### पहले गणेशजी की मूर्ति भी चीन से आती थी

सीएम ने कहा कि संकल्प पत्र में शिक्षा, युवा एक-एक करके जिस प्रकार की बात कही गई है। उद्योगों के माध्यम से केवल सेल्फ हेल्प ग्रुप नहीं ऐसी बड़ी इंडस्ट्री है जिनके माध्यम से भविष्य में रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिल सकें। पहले हमारे यहां गणेशजी तक की मूर्ति चीन से आती थी। लेकिन पिछले 10 साल में आत्मनिर्भर भारत बना है। आज विश्व में सबसे ज्यादा खिलौने बनाने वाला देश भारत है।

### सीएम मोहन यादव ने संकल्प पत्र पर क्या कहा




उज्जैन को मिल नगरी कहा जाता था। लेकिन, मिल बंद हो गए।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को प्रधानमंत्री ने नया जीवन दिया है।

शहरीकरण बढ़ रहा है। संकल्प पत्र में झुकी झोपड़ी वालों के लिए भी समाधान खोजा गया है।

आमतौर पर कोई शहर बढ़ता है तो एक दिशा में बढ़ जाता है। संकल्प पत्र में शहर के सर्वांगीण विकास की बात कही गई है।

25 साल का प्लान बनाकर शहरों का विकास किया जाएगा। जैसे भोपाल के विकास की बात करेंगे तो सीहोर के विकास की भी बात करेंगे। इंदौर की बात करेंगे तो देवास, उज्जैन और धार के विकास की बात भी करेंगे।

संकल्प पत्र में हमारे अपने टूरिज्म को बढ़ावा देने की बात कही गई है।

मैं टूरिज्म में काम कर चुका हूं। पर्यटन को लेकर मध्य प्रदेश में बहुत संभावनाएं हैं।

चीता प्रोजेक्ट के बाद मध्य प्रदेश में पर्यटन का महत्व बढ़ गया है।




# अभ्यास मंडल कार्यकर्ता ,छात्र छात्राओं, पुलिस के साथ यातायात सुधार ,जन जागरुकता अभियान के लिए सड़क पर उतरे





**इंदौर(अनिल चौधरी) । शहर के यातायात सुधार जन जागरुकता अभियान की इस श्रृंखला की चौथी कड़ी में अभ्यास मंडल ने आज सुबह सत्य साईं चौराह विजय नगर पर यातायात सम्हाला, चौराहे पर यातायात में भी नंबर 1 आने के लिए चल रहे प्रयास के लिए अच्छा माहौल बना प्रो सीमा सिंह,प्रो डा किन्जाल शाह के नेतृत्व में गुजराती इनवोटिव कॉलेज एनएसएस के 30 छात्र, छात्राओ तथा समाजकार्य महाविद्यालय के गीतांजली, संस्कार पटेल ने मोर्चा सम्हाल रखा था, उनका साथ दिया सत्यसाईं चौराहे के सभी सिग्नल प्वाइंट पर अभ्यास मंडल कार्यकर्ता, छात्र छात्राओं ,यातायात पुलिस ने ,हाथो में जन जागरुकता की तख्तियां लेकर यातायात सुगमता से संचालित कर रहे थे. नियमो का पालन करने वाले वाहन चालकों का सम्मान गुलाब की कली देकर यातायात प्रबंधन पुलिस उपायुक्त अरविंद तिवारी और छात्र कर रहे थे अभ्यास मंडल द्वारा तैयार किया गया यातायात नियमो का पालन करने का स्टीकर भी गाड़ी पर लगा रहे थे**

प्रारंभ में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुशील कुमार तिवारी,,यातायात प्रशिक्षक रणजीत सिंह,सुमंतसिंह ने सभी छात्र छात्राओं को यातायात सम्हालने हेतु प्रशिक्षण दिया इस अवसर पर यातायात पुलिस उपायुक्त महानगर अरविंद तिवारी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुशील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी लाल बहादुर बौद्ध , निरीक्षक आशा तिवारी, राजेश बारवाल उनकी टीम के साथ उपस्थित थे

यातायात पुलिस उपायुक्त अरविंद तिवारी ने अभ्यास मंडल की इस पहल का स्वागत किया आनेवाले समय में इसका फायदा होगा , पुरे शहर को एक अच्छा संदेश दिया जारहा है. यातायात सुधार के अच्छे कार्य में भाग ले रहे छात्रो को प्रमाण पत्र प्रदान किए अभ्यास मंडल के रामेश्वर गुप्ता, गौतम कोठारी,डॉ शंकर गर्ग,शफी शेख, मुरली खंडेलवाल,स्वप्निल व्यास, किशन सोमानी, सुशीला यादव, गिरीश सेठ, द्वारका मालविया उपस्थित थे, संचालन माला सिंह ठाकुर और एन के उपाध्याय ने किया यातायात प्रबंधन के इस अनूठे आयोजन में गुजराती कालेज की प्रो श्रद्धा कटारिया,प्रो स्वीटी कुलकर्णी, प्रो प्राची मोटवानी आदि भी उपस्थित थे।

## अमरनाथ यात्रा जाने वाले भक्तों के रजिस्ट्रेशन शुरू

# फिटनेस जांच के लिए 13 डॉक्टर बढ़ाए, 20 हजार आवेदन मिलने की उम्मीद



अमरनाथ यात्रा इस बार 29 जून से शुरू होगी। इसके लिए 15 अप्रैल से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे। भक्त एमपी ऑनलाइन सेंटर पर जाकर यात्रा का रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। वहीं यात्रा पर जाने के लिए श्रद्धालु फिलहाल फिटनेस सर्टिफिकेट बनवा रहे हैं। फिटनेस सर्टिफिकेट के लिए इंदौर के 16 सरकारी डॉक्टर्स को अधिकृत किया है। पहले 3 ही थे। 13 से 70 वर्ष की आयु वर्ग वालों को अमरनाथ यात्रा के लिए अनुमति रहेगी।

### यहां बनवा सकते हैं फिटनेस सर्टिफिकेट

जिला अस्पताल के अलावा सीएच संयोगितागंज, मल्हारगंज, हुकमचंद, मांगीलाल चूरिया अस्पताल। इसके अलावा महू, देपालपुर, सांवेर, हातोद व मानपुर में पदस्थ डॉक्टरों को भी अ?निवार्य स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनाने के लिए अधिकृत किया है।

### विभाग को 20 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त होने का अनुमान

अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा अधिकृत डॉक्टरों की सूची में श्रद्धालुओं के प्रमाण पत्र जारी करने के लिए मात्र तीन डॉक्टरों को अधिकृत किया गया था। डॉ. ईरा जोशी, डॉ. राजकुमार सांवलिया और डॉ. संतोष कुमार वर्मा ही अधिकृत थे। इस पर सिविल सर्जन ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से अधिक संख्या में डॉक्टरों को इसके लिए अधिकृत करने का अनुरोध किया था। साथ ही प्रमाण पत्र जारी करने के लिए अधिकृत करने के लिए 16 और डॉक्टरों की सूची भी संलग्न की थी। विभाग को यात्रा के चार महीनों में प्रमाण पत्र के लिए श्रद्धालुओं के 20 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं।

### इन डॉक्टरों से बनवा सकेंगे प्रमाण पत्र

डॉ. सुनील गंगराड़े, डॉ. राजेश सांवलिया, डॉ. संतोष वर्मा, डॉ. ईरा जोशी, डॉ. अभिषेक ?निगम, डॉ. मुकेश गुप्ता, डॉ. आशुतोष शर्मा, डॉ. मंजू वर्मा, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. अनिल जैन, डॉ. राजेंद्र नायक, डॉ. अभिलाष नरवरिया, डॉ. पीयूष तिवारी, डॉ. वंदना केसरी, डॉ. योगेश ?सिंगारे, डॉ. संतोष सिसौदिया।

## यह चुनाव देश के संविधान को बचाने का चुनाव है

# इंदौर में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले जीतू पटवारी

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम के समर्थन मे विधानसभा क्षेत्र क्र 2 मे इंदौर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे, पार्षद राजू भदौरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया इस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि 2024 का यह चुनाव देश के संविधान को बचाने का चुनाव है आज बाबा भीमराव अंबेडकर जी की जयंती है मैं उनको नमन करके आपको याद दिलाना चाहता हूं कि कांग्रेस ने बाबा साहब के लिखे हुए संविधान की रक्षा करते हुए समावेशी विकास पर जोर दिया परंतु मोदी सरकार इसके विपरीत जाकर आज तानाशाही हुकूमत की ओर आगे बढ़ रही है अगर 2024 में फिर सत्ता में आ गए तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे देश में भी लोकतंत्र सिर्फ नाम के लिए रह जाएगा और भारत में चीन फ्रांस और रशिया की तरह तानाशाही सरकार का राज होगा आपसे बोलने की आजादी छीन ली जाएगी मोदी सरकार में आप अपने न्याय और अधिकारों की मांग नहीं उठा पाएंगे इसका जीता जागता उदाहरण आप सभी के सामने जिस तरह से केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दबाव डाला जा रहा है। जब वही विपक्षी नेता भाजपा में शामिल हो जाते हैं तो अचानक भ्रष्टाचार की बात बंद हो जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन नेताओं पर हजारों करोड़ के घोटाले के आरोप लगाते हैं, उन नेताओं के भाजपा में जाने के बाद भ्रष्टाचार का मामला बंद हो जाता है। विपक्ष के वह सभी नेता जिसे भाजपा शैतान बताती है वह भाजपा मे जाते ही साधु बन जाते है।




एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि काला धन वापस लेकर आऊंगा भ्रष्टाचार पर बोलते हैं ना खाऊंगा ना खाने दूंगा वहीं दूसरी और उनकी की भ्रष्टाचार को लेकर सारी बातें खोखली हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड योजना के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्ट लोगों से चंदा लिया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पता चला कि मोदी सरकार द्वारा कंपनियों को ठेका दिया गया और भाजपा ने उन्हीं कंपनियों से चंदा लिया। कंपनियों पर जांच एजेंसियों ने कार्रवाई की, फिर उन्हीं कंपनियों से भाजपा ने चंदा लिया। इससे बड़ा भ्रष्टाचार कोई नहीं हो सकता है। पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं संविधान बचाने का चुनाव है। जो जो मतदाता संविधान बचाना चाहता है वो कांग्रेस का साथ दें क्योंकि लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए कांग्रेस की सरकार ज़रूरी है। हमारे नेता श्री राहुल गांधी ने हजारों किलोमीटर की पदयात्रा कर भारत वासियों के न्याय और अधिकार की लड़ाई लड़ी है। हम मोदी जी की तरह जुमलों की बारिश नहीं करते है जो कहते है कर के दिखाते है। हमारी केंद्र मे सरकार बनते ही देश की महिलाओं का ?100000 प्रति वर्ष की सहायता देते हुए आर्थिक रूप से सशक्तिकरण करेंगे प्रत्येक परिवार की महिला को महालक्ष्मी बनाएंगे। आधी आबादी को पूरा हक देंगे ॰ केंद्र सरकार की नई नौकरियों में 50ल महिला आरक्षण सुनिश्चित करेंगे। आशा –उषा , मिड डे मील और आंगनवाड़ी वर्कर्स को ज्यादा सैलरी, दोगुने सरकारी योगदान से देंगे। श्रमिक भाइयो की दैनिक मजदूरी 400 रुपए, मनरेगा में भी लागू करेंगे। ?सभी मजदूर परिवारों को स्वास्थ्य अधिकार देते हुए 25 लाख रुपए का हेल्थ-कवर- और मुफ़्त इलाज़ मिलेगा। ?असंगठित मजदूरों के लिए जीवन और दुर्घटना बीमा के साथ सामाजिक सुरक्षा देंगे। मुख्य सरकारी कार्यों में कॉन्ट्रैक्ट सिस्टम मजदूरी बंद करेंगे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )